पत्रांक–23 / नियुक्ति–01–121 / 2024,सा0प्र0–6427...../

बिहार सरकार

**सामान्य प्रशासन विभाग**

प्रेषक,

मो0 मिनहाज अख्तर,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव,
बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक 24.04.24

विषय :– **बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित की जाने वाली आगामी 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति हेतु अधियाचना उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि तत्कालीन कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग (सम्प्रति सामान्य प्रशासन विभाग) बिहार, पटना के संकल्प सं0–2374 दिनांक–16.07.2007 के प्रावधानानुसार प्रत्येक वर्ष की 1ली अप्रैल की स्थिति के आधार पर सभी विभागों द्वारा संवर्ग समीक्षा कर रिक्तियों का रोस्टर क्लियरेंस कराकर अधियाचना संबंधित आयोग को 30 अप्रैल तक भेजे जाने का प्रावधान है, किन्तु सम्प्रति किसी भी विभाग से बिहार लोक सेवा आयोग, पटना की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति हेतु अधियाचना सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

अतः अनुरोध है कि बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित की जाने वाली आगामी 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित किये जाने वाले रिक्त पदों से संबंधित अधियाचना पत्र (आरक्षण रोस्टरवार) वांछित अभिलेखों के साथ सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को शीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय। साथ ही जिन विभागों में आगामी 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित किये जाने वाले पदों की संख्या शून्य हो तो उसे भी दर्शाते हुए संसूचित करने की कृपा की जाय, ताकि अधियाचना बिहार लोक सेवा आयोग, पटना को शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके।

विश्वासभाजन

(मो0 मिनहाज अख्तर)
सरकार के उप सचिव।